एक नजर में

बाढ़ कार्यखंड, नगर निकाय में भ्रष्टाचार की टीएसी जांच

गोंडा : बाढ़ कार्यखंड व नगर निकाय में भ्रष्टाचार के मामले में आयुक्त देवीपाटन मंडल ने टीएसी (टेक्निकल आडिट सेल) जांच के आदेश दिए हैं। बलरामपुर जिले की पीलीभीत की रीता देवी ने आरोप लगाया है कि अधिशासी अभियंता और जलनिकासी द्वारा बिना निविदा प्रक्रिया भुगतान किया गया। एआर (2711) मद और तटबंध उच्चीकरण के लिए प्राप्त करोड़ों की धनराशि का दुरुपयोग किया। करीब 10 करोड़ रुपये बिना कार्य कराए ही कागजों पर दर्शा दिए। वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के नेता मनोज पाठक ने नगर पालिका परिषद भिनगा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कहा कि विकास और निर्माण में व्यापक गड़बड़ी हुई है। बिना निविदा प्रक्रिया के ही निर्माण करा दिया गया। (संसू)

प्रतिवर्ष लाखों का टोल टैक्स चोरी कर रहे नेपाली वाहन

बहराइच : नेपाली वाहन ट्रक, कार और भारी वाहनों पर फर्जी फास्टैग लगाकर टोल प्लाजा को प्रतिवर्ष 90 लाख से अधिक की चपत लगा रहे हैं। सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों से फास्टैग से आनलाइन टोल टैक्स अदा करने का फरमान जारी किया था, लेकिन नेपाली वाहनों का फास्टैग नहीं बन सकता, क्योंकि उनके चालक व मालिक नेपाल के हैं। आधार व पैनकार्ड भी भारत का नहीं बना रहता। (संसू)

रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से वंचित श्रद्धालु पाटोत्सव में होंगे शामिल

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उत्सव में आमंत्रण देगा ट्रस्ट

जागरण संवाददाता● अयोध्या : रामलला की इसी वर्ष 22 जनवरी को हुई प्राण प्रतिष्ठा अत्यंत प्रतिष्ठापरक समारोह के रूप में संपन्न हुई थी। इस समारोह में यद्यपि 10 हजार लोग शामिल हुए थे, किंतु इसमें शामिल होने के उत्सुक लोगों के मुकाबले यह संख्या अति सीमित थी। अब रामलला के प्रथम पाटोत्सव की तैयारी में जुटा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इस उत्सव के लिए उन लोगों को आमंत्रित करने जा रहा है, जो प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हो सके थे।

पांच सदी बाद भव्य प्रासाद में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का अवसर करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रतिष्ठापरक था, किंतु व्यवस्था की दृष्टि से यह संभव नहीं था। आज भी ऐसे श्रद्धालु कम नहीं हैं, जिन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में शामिल न हो पाने का मलाल है। मंदिर में भगवान के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर पाटोत्सव के अवसर पर मंदिर ट्रस्ट उन श्रद्धालुओं को वरीयता देगा जो तब नहीं शामिल हो सके थे। पाटोत्सव में आमंत्रित होने वाले ऐसे लोगों में प्रायः साधु-संत होंगे। ट्रस्ट 50 चुनिंदा गृहस्थों को भी आमंत्रित करने का विचार कर रहा है।



रामलला के महाभिषेक से शुरू होगा उत्सव

रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भव्य पाटोत्सव को दुनिया देखेगी। देश-विदेश में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों को रामलला का दर्शन कराने के लिए लाइव प्रसारण कराया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 11 जनवरी को होगी, जो 13 तक चलेगा। प्रथम दिन रामलला का महाभिषेक होगा। इस दौरान भी श्रद्धालु रामलला का दर्शन करते रहेंगे। कुछ ही पल के लिए पट बंद होगा। आरती प्राण प्रतिष्ठा के ही समय पर दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर की जाएगी। भोर की बेला में रामलला प्रतिदिन की तरह ही उठेंगे। नित्य अभिषेक कुछ देर में संपन्न होता है, लेकिन इस दिन का अभिषेक विस्तार लिए होगा। इसमें बड़ी मात्रा में पंचामृत जैसे दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, फलों के रस, नारियल के पानी से अभिषेक किए जाने की तैयारी है।

रामनगरी का रोम-रोम 'बोलेगा' राम-राम

संसू, जागरण● अयोध्या : अगले कुछ महीनों में जब आप रामनगरी का भ्रमण करने पहुंचेंगे तो यहां का रोम-रोम राम-राम कहता मिलेगा। लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से रामनगरी की ओर आने वाले धर्मपथ पर तो पग-पग विभिन्न प्रकार के म्यूरल्स (भित्तिचित्र) बनवाए ही जा रहे हैं, राम मंदिर और रामजन्मभूमि परिसर में दर्शनार्थियों के मनमस्तिष्क को राममय करने के यत्न किए जा रहे हैं।

लगभग 70 एकड़ के रामजन्मभूमि परिसर को एक सूत्र में बांधने के लिए निर्माणाधीन आठ सौ मीटर के परकोटे में जहां कांस्य धातु के 80 म्यूरल्स लगवाए जा रहे हैं तो राममंदिर के भूतल की वाह्य दीवारों पर 85 म्यूरल्स लगाए जा रहे हैं। परकोटे के म्यूरल्स जहां रामकथा का बखान करते दिखेंगे तो राममंदिर की वाह्य दीवारों पर लगाने वाले म्यूरल्स पर महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के श्लोक और इनके भावार्थ का उद्धरण करेंगे। राममंदिर के म्यूरल्स लगने शुरू हो गए हैं। इसी तरह धर्मपथ पर बनाए जा रहे बड़े-बड़े म्यूरल्स में भी भगवान श्रीराम व उनके अनन्य भक्त हनुमानजी से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का उद्धरण किया जा रहा है। कई भित्तिचित्र बनाए जा चुके हैं। पिछले दिनों राममंदिर निर्माण समिति की बैठक में अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा था, 'पूरे रामजन्मभूमि परिसर में लगभग 200 म्यूरल्स इसलिए लग रहे हैं, जिससे दर्शनार्थियों को आराध्य के जीवन प्रसंगों से जुड़ी जानकारी दी जा सके।

सीमा पर अब सेटेलाइट के ही भरोसे नहीं एसएसबी

संसू, जागरण● गोंडा : नेपाल की सीमा पर कोई भी नेटवर्क न रहने से तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को पहले सेटेलाइट फोन के सहारे ही रहना पड़ता था, लेकिन अब यह समस्या दूर हो गई है। कारण, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने नेपाल सीमा के निकट आठ स्थानों पर नए बीटीएस (बेस ट्रांसीवर स्टेशन) लगाए हैं, जिनसे तीन किलोमीटर की परिधि में फोर जी का नेटवर्क मिलने लगा है। बेहतर नेटवर्क मिलने से न केवल एसएसबी के निगरानी तंत्र में मजबूती आई है, बल्कि थारू बाहुल्य गांवों में भी फोन की घंटी बजने लगी है।

देवीपाटन मंडल का बलरामपुर जिला नेपाल से मिलता है। सुरक्षा के मद्देनजर भारत सरकार ने सीमा पर बसे थारू बाहुल्य गांवों को फोरजी का नेटवर्क देने की जिम्मेदारी भारत संचार निगम लिमिटेड को सौंपी थी। गैंसड़ी, पचपेड़वा व तुलसीपुर ब्लाक के उन पिछड़े गांवों को चिह्नित किया गया, जहां कोई नेटवर्क नहीं रहता है। बीएसएनएल ने गैंसड़ी ब्लाक के सोनपथरी, पचपेड़वा ब्लाक के पड़खा भुकुरवा, नरिहवां, सड़नी, मड़नी, कंचनपुर, भारपुर चेलिया, सोनपथा, मझगवां में बीटीएस स्थापित कर उसका संचालन शुरू कर दिया है। बीएसएनएल के मंडलीय कार्यालय प्रबंधक इंद्रमोहन राव ने बताया कि एसएसबी के प्रस्ताव पर एसएसबी पोस्ट समेत 16 और सीमावर्ती स्थानों पर भी बीटीएस लगाने की तैयारी है।

'13 से 16 वर्ष तक की किशोरियों का मोबाइल दुश्मन'

संसू, जागरण● सीतापुर : 13 से 16 वर्ष तक की किशोरियों का मोबाइल दुश्मन है। मोबाइल उपयोग से किशोरियों में विसंगतियां पनप रही हैं। यह बातें मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में जनसुनवाई के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहीं। उन्होंने बच्चों के अधिक मोबाइल प्रयोग पर चिंता जताते हुए अभिभावकों से इस उम्र के बच्चों को मोबाइल से दूर रखने और इस्तेमाल पर नजर रखने की सलाह दी।

सीतापुर में जनसुनवाई करतीं महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ● जागरण

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान ने मिसाल पेश की है, जिसे केंद्र सरकार ने भी सराहा है। कहा-वन स्टाप सेंटर को और बेहतर बनाए जाने पर मंथन चल रहा है। इसके तहत वन स्टाप सेंटर को और कार्यकुशल व सुविधाजनक बनाया जाएगा। आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया। कहा, कांग्रेस ने हमेशा से फूट डालो और राज करो की राजनीति की है। कांग्रेस आंबेडकर और संविधान की विरोधी है। कांग्रेस ने देश को अव्यवस्थाओं में ढकेला है। भारतीय जनता पार्टी देश को तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ा रही है। कांग्रेसी सदर से सपा विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव के भारतीय जनता पार्टी को हिंदू आतंकियों का संगठन बताना संबंधी बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। कहा-उनका दिमाग खराब है। भाजपा पर नकारात्मक टिप्पणी करने वाले अपने चेहरे को सामने ला रहे हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर

पत्रांक 6977 /352सी/ई-टेण्डर/सी0खी0/2024-25 दिनांक 20-12-2024

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 6840/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2024-25 दिनांक 12.12.2024 द्वारा आमंत्रित निविदाएं, जो दिनांक 23.12.2024 से 31.12.2024 की मध्यान्ह 12.00बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड/सबमिट की जानी है तथा दिनांक 31.12.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जानी है। उक्त निविदाएं अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 06.01.2025 से 15.01.2025 तक मध्यान्ह 12.00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड/सबमिट की जा सकेगी तथा दिनांक 15.01.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदा सूचना की अन्य शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

(तरूणेन्दु त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
लखीमपुर खीरी।

(जे0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर।

UP-224679 दिनांक 23.12.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः ''स्टार हॉउस'' विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोनः 0522-2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-4-ए, नियम 8(6) / 9(1) के प्रावधानों के तहत

यह ई-नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 नियम 8(6)/9(1) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति है। यह नोटिस सार्वजनिक रूप से जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और गॉरंटर (गॉरंटरों) को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ इण्डिया के प्राधिकृत अधिकारी ने हमारी शाखा के साथ निम्नलिखित ऋण खातों में वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित हेतु निम्नलिखित सम्पत्ति रचनात्मक कब्जा इस बैंक देयों के वसूली हेतु 'जैसा है, जहां है,' आधार पर तथा 'जैसे है, जो है,' के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईएमडी/दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 27.01.2025, को सायं 03:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 27.01.2025, प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्जा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (रू.)
	शाखाः आस्ति वसूली शाखा, शाखा प्रबन्धक, सुनील प्रसाद, मो0: 7001121592		
1	**ऋणीः सोसाइटी फॉर द एडवांसमेंट ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज (एसएईएस), अध्यक्ष और जमानतकर्ताः डॉ0 मुकेश चंद्र सक्सेना** पुत्र स्व0 राम रतन सिन्हा, **सदस्य और जमानतकर्ताः श्री लव शेखर सक्सेना** पुत्र डॉ0 मुकेश चंद्र सक्सेना, **उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और जमानतकर्ताः श्रीमती प्रतिभा सक्सेना** पत्नी डॉ0 मुकेश चंद्र सक्सेना, **सभी का पताः 1.** बी-71, सेक्टर-सी, मंदिर मार्ग, महानगर, लखनऊ-226006, **पताः 2.** 222, चंद्रलोक कॉलोनी, अलीगंज, लखनऊ-226024 **मांग सूचना की तिथिः 01.06.2019, धनराशिः ₹ 19,27,23,827.00** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	**1.** मकान सं0 बी-71, सेक्टर-सी, महानगर, लखनऊ-226006, **स्वामीः सोसाइटी फॉर द एडवांसमेंट ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज (एसएईएस)** इसके अध्यक्ष, डॉ0 मुकेश चंद्र सक्सेना के माध्यम से, **क्षेत्रफलः** 1069.00 वर्ग मीटर, **चौहद्दीः पूर्वः** 40 फीट चौड़ी रोड, **पश्चिमः** मकान सं0 बी-70, **उत्तरः** मकान सं0 बी-72, **दक्षिणः** 80 फीट चौड़ी रोड। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 13,85,00,000/- ₹ 1,38,50,000/-
		2. आवासीय सम्पत्ति प्लॉट सं0 38, 38-ए, शिव विहार कॉलोनी, विकास नगर, लखनऊ-226022, **स्वामीः सोसाइटी फॉर द एडवांसमेंट ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज (एसएईएस)** इसके अध्यक्ष डॉ0 मुकेश चंद्र सक्सेना के माध्यम से, **क्षेत्रफलः** 4800.00 वर्ग फीट, **चौहद्दीः पूर्वः** रोड, **पश्चिमः** प्लॉट सं0 37, **उत्तरः** प्लॉट सं0 39, **दक्षिणः** रोड। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 2,74,00,000/- ₹ 27,40,000/-
2	**ऋणीः मेसर्स ए.के. एंटरप्राइजेज,** प्रो0 श्री सैय्यद मंजूर अहमद, **पताः** एफ-52, एफ-53, यूपीएसआईडीसी, औद्योगिक क्षेत्र फेज-2, हरदोई रोड, ग्राम रईसो, सण्डीला, हरदोई-241204 **प्रोपराइटरः श्री सैय्यद मंजूर अहमद, पताः 1.** 422/17, तोप दरवाजा चौक, लखनऊ-226003, **पताः 2.** दरगाह हजरत अब्बास रोड, चांद भाई होटल के पास चौक-226003 **मांग सूचना की तिथिः 16.10.2019, बकाया धनराशिः ₹ 89,47,081.76** + ब्याज एवं अन्य खर्चे।	पट्टे की व्यावसायिक संपत्ति (भूमि एवं भवन) प्लॉट सं0 एफ-52, एफ-53, यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र, चरण-2 ग्राम-रायसो, सण्डीला, हरदोई-241204, **क्षेत्रफलः** 1200.00 वर्ग मीटर, **स्वामीः मेसर्स ए.के. इण्टरप्राइजेज (प्रोपराइटरः श्री सैय्यद मंजूर अहमद, चौहद्दीः पूर्वः** इंडस्ट्रियल लीजहोल्ड प्लॉट सं0 एफ-51, **पश्चिमः** इंडस्ट्रियल लीजहोल्ड प्लॉट सं0 एफ-54, **उत्तरः** 18 मीटर चौड़ी रोड, **दक्षिणः** इंडस्ट्रियल लीजहोल्ड प्लॉट सं0 एफ-42 एफ-41 **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 42,50,000/- ₹ 4,25,000/-
3	**ऋणीः मेसर्स श्री साईं** इंडस्ट्रीज, (पार्टनरशिप फर्म) (पार्टनर श्री प्रदीप सिन्हा एवं श्रीमती शिखा सिन्हा, **पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट/शेड सं0 1, यूपीएसआईडीसी, औद्योगिक क्षेत्र, सरोजिनी नगर, लखनऊ-226008, उ0प्र0। **श्रीमती शिखा सिन्हा एवं श्री प्रदीप सिन्हा** (ऋण लेने वाली फर्म के पार्टनर एवं बंधककर्ता), **दोनों निवासी** फ्लैट सं0 101, चौरसिया अपार्टमेंट, ए.पी. सेन रोड, चारबाग, लखनऊ-226001 उ0प्र0। **मांग सूचना की तिथिः 17.02.2023, धनराशिः ₹ 1,49,91,437.41**+ ब्याज एवं अन्य खर्चे	**1.** सुरक्षित परिसंपत्ति पर स्थापित संयंत्र एवं मशीनरी। **2.** यूपीएसआईडीसी के अधीन लीज होल्ड संपत्ति प्लॉट/शेड सं0 एस-1, यूपीएसआईडीसी, औद्योगिक क्षेत्र, सरोजिनी नगर, लखनऊ-226008, उ0प्र0 पर स्थित भूमि एवं भवन, **क्षेत्रफलः** 419.84 वर्ग मीटर, **स्वामीः मेसर्स श्री साईं इंडस्ट्रीज, पार्टनर** (1) श्रीमती शिखा सिन्हा और पार्टनर (2) प्रदीप सिन्हा), **चौहद्दीः पूर्वः** यूनिट सं0 ई-1, **पश्चिमः** शेड सं0 एस-2 एवं शेड सं0 एस-1/1, **उत्तरः** 40 फीट चौड़ी रोड सं0 7 एवं प्लॉट सं0 एस-1/1, **दक्षिणः** प्लॉट सं0 जी-18 **(कब्जा - सांकेतिक)**	सम्पत्ति-1 ₹ 25,37,000/- ₹ 2,53,700/- सम्पत्ति-2 ₹ 65,00,000/- ₹ 6,50,000/-
	शाखाः इन्दिरा नगर, शाखा प्रबन्धक, दिनेश श्रीवास्तव, मो0: 9044066421		
4	**ऋणीः नितिन जायसवाल** पुत्र स्व0 राजन जायसवाल, पताः एल-6/50, अलीगंज, लखनऊ-226004 **मांग सूचना की तिथिः 15.01.2024, धनराशिः ₹ 21,98,740.00** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	ईडब्ल्यूएस मकान सं0 एसएस-3/389, सेक्टर-एच, जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफलः** 30 वर्ग मीटर, **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट सं0 एसएस-3/390, **पश्चिमः** प्लॉट सं0 एसएस-3/388, **उत्तरः** प्लॉट अन्य, **दक्षिणः** रोड **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 16,80,000.00 ₹ 1,68,000.00
	शाखाः गोमती नगर, शाखा प्रबन्धक, अमिजीत कीर्ति, मो0: 9956975964		
5	**ऋणीः श्री सैय्यद मंजूर अहमद एवं श्रीमती सना फातिमा, पता-1:** 422/17 तोप दरवाजा, दरगाह रोड चौक लखनऊ-226003 **पता-2:** एफ-783, राजाजीपुरम, लखनऊ- 226017 **मांग सूचना की तिथिः 16.10.2019, धनराशिः ₹ 28,94,361.21** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	मकान सं0 एफ-783, राजाजीपुरम वार्ड कुंवर ज्योति प्रसाद, लखनऊ। **स्वामीः श्रीमती सना फातिमा, क्षेत्रफलः** 49.30 वर्ग मी0, **चौहद्दीः पूर्वः** मकान सं0 एफ-785, **पश्चिमः** मकान सं0 एफ-781, **उत्तरः** 12.0 फिट चौड़ी रोड, **दक्षिणः** मकान सं0 एफ-749 **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 32,05,000.00 ₹ 3,20,500.00
	शाखाः अमीनाबाद, शाखा प्रबन्धक, सुमित श्रीवास्तव, मो0: 9919567007		
6	**ऋणीः 1. श्री प्रेम प्रकाश तिवारी, 2. श्रीमती पद्मा तिवारी, दोनों का पताः 1.** 817, लाकड़ी मोहाल सदर बाजार, लखनऊ-226002। **पताः 2.** 273, अर्जुनगंज, लखनऊ-226002 **मांग सूचना की तिथिः 08.02.2024, धनराशिः ₹ 14,00,559.00** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	फ्लैट सं0 एमएमआईजी एसएफ-4, द्वितीय तल, मोहल्ला-हाता रसूल खां, वार्ड लालकुआं, लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 47.211 वर्ग मीटर, **स्वामीः श्री प्रेम प्रकाश तिवारी, 2. श्रीमती पद्मा तिवारी, चौहद्दीः पूर्वः** फ्लैट सं0 एसएफ-3, **पश्चिमः** 20 फीट चौड़ी रोड, **उत्तरः** फ्लैट सं0 एसएफ-1, दक्षिणरू खुला। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 17,66,000.00 ₹ 1,76,600.00
7	**ऋणीः 1. श्रीमती वर्तिका पाण्डे, 2. श्री मनोज कुमार पाण्डे,** दोनों का पताः ई44, रवि खण्ड, शारदा नगर, बंगला बाजार, लखनऊ-226002 **मांग सूचना की तिथिः 01.05.2024, धनराशिः ₹ 17,37,069.06** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	मकान संख्या ई-15 (ईडब्ल्यूएस), रवि खण्ड, शारदा नगर, रायबरेली रोड, योजना, लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 31.40 वर्ग मीटर, **स्वामीः श्रीमती वर्तिका पांडेय, चौहद्दीः पूर्वः** अन्य संपत्ति, **पश्चिमः** 4.5 मीटर चौड़ी रोड, **उत्तरः** 4.5 मीटर चौड़ी रोड, **दक्षिणः** मकान सं0 ई-16 **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 37,00,000.00 ₹ 3,70,000.00
	शाखाः कैसरबाग, लखनऊ, शाखा प्रबन्धक, धीरज सोनी, मो0: 7007401035		
8	**ऋणीः श्री राम बाबू श्रीवास्तव** पुत्र श्री माधो राम श्रीवास्तव, पता बी-1216, बी-ब्लॉक, इंदिरा नगर, लखनऊ। **जमानतकर्ताः श्रीमती राधा श्रीवास्तव** पत्नी श्री राम बाबू श्रीवास्तव, पता बी-1216, बी-ब्लॉक, इंदिरा नगर, लखनऊ। **मांग सूचना की तिथिः 30.01.2023, धनराशिः ₹ 8,23,248.43** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	फ्लैट सं0 सी-14/22, द्वितीय तल, आश्रय-3, सुलभ आवास योजना, सेक्टर-1, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ, **क्षेत्रफलः** निर्मित क्षेत्र 27.82 वर्ग मीटर, **स्वामीः श्रीमती राधा श्रीवास्तव, चौहद्दीः साथ लगा हुआः** फ्लैट सं0 सी-14/21 व 23, **शीर्ष परः** फ्लैट सं0 सी-14/32, **तल परः** फ्लैट सं0 सी-14/12 **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 16,20,000/- ₹ 1,62,000/-
	शाखाः मुसाफिरखाना, लखनऊ, शाखा प्रबन्धक, शैलेन्द्र नाथ मिश्रा, मो0: 9793137999		
9	**ऋणीः मेसर्स लक्ष्मी ब्रिक फील्ड, प्रोपराइटरः श्रीमती बिन्दु द्विवेदी** पत्नी ओम प्रकाश, **दोनों का पताः** पूरे मूंगा शाहपुर, टिकरा, जामो, अमेठी-227807 **जमानतकर्ताः 1. श्री ओम प्रकाश,** पताः पूरे मूंगा शाहपुर, टिकरा, जामो, अमेठी-227807, **2. श्री अतुल प्रताप सिंह,** पताः माना मदनपुर, कस्थुनी पूरब, अमेठी-227813, **3. श्री अंकित यादव** पुत्र गोपी चन्द्र यादव, पताः पलिया पूरब, मुसाफिरखाना, अमेठी **मांग सूचना की तिथिः 01.05.2024, धनराशिः ₹ 36,14,841.22** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	संपत्ति के सभी भाग एवं खण्ड संपत्ति जिसमें प्लॉट सं0 816, ग्राम पलिया पूरब परगना, तहसील मुसाफिरखाना, अमेठी-227813, **क्षेत्रफलः** 1250 वर्ग फीट, **स्वामीः बिन्दु द्विवेदी** पत्नी ओम प्रकाश, **चौहद्दीः पूर्वः** स्व0 छोटेलाल की भूमि, **पश्चिमः** कच्चा रास्ता, **उत्तरः** स्व0 छोटेलाल का मकान, **दक्षिणः** विक्रेता का प्लॉट शामिल। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 28,12,000.00 ₹ 2,81,200.00
10	**ऋणीः मेसर्स जय माता दी बैटरी सर्विस,** प्रो0 श्री रमेश चंद्र पुत्र ओहारी प्रसाद, **पताः** गल्ला मण्डी, वार्ड स0 9, नगर पंचायत, मुसाफिरखाना, जिला अमेठी-227813 **ऋणी/जमानतकर्ताः 1. श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव** पुत्र स्व0 श्री शिव कुमार लाल श्रीवास्तव, **पताः** राम नगर उर्फ नयाकोट, मुसाफिरखाना, जिला अमेठी-227813, **2. श्री रोहित कुमार अग्रहरि** पुत्र श्री रमेश चन्द्र, **पताः** 320 पूरे शिवा तिवारी क्षेत्र वार्ड सं0 5, नगर पंचायत मुसाफिरखाना, जनपद अमेठी-227813, **3. श्रीमती भानमती** पत्नी रमेश चन्द्र, **पताः** मकान सं0 102, वार्ड-5, नगर पंचायत, मुसाफिरखाना, जिला अमेठी-227813, **4. श्री रमेश चन्द्र** पुत्र ओहारी प्रसाद, **पताः** गल्ला मण्डी, वार्ड सं0 9, नगर पंचायत, मुसाफिरखाना, जिला अमेठी-227813, **5. श्री विष्णु** पुत्र श्री रमेश चन्द्र, **पताः** मकान सं0 102, वार्ड-5, नगर पंचायत, मुसाफिरखाना, जिला अमेठी-227813 **मांग सूचना की तिथिः 01.05.2023, धनराशिः ₹ 34,07,529.44** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	अचल संपत्ति प्लॉट सं0 1194 का, ग्राम-भनौली, परगना एवं तहसील- मुसाफिरखाना, जिला अमेठी, **क्षेत्रफलः** 0.0075 हेक्टेयर, **स्वामीः श्रीमती भानमती** पत्नी रमेश चंद्र, **चौहद्दीः (बिक्री विलेख के अनुसार): पूर्वः** श्याम लाल की भूमि, **पश्चिमः** प्रस्तावित कच्चा रास्ता 10 फीट चौड़ा, **उत्तरः** प्रस्तावित कच्चा रास्ता 10 फीट चौड़ा एवं मुन्नू लाल की भूमि, **दक्षिणः** विमला देवी की भूमि। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 26,27,000.00 2,62,700.00
	शाखाः खुर्रमनगर, शाखा प्रबन्धक, मंजीत कुमार, मो0: 9838200378		
11	**ऋणीः मेसर्स सनशाइन एंटरप्राइजेज,** प्रो0 श्री अज़ीम इकबाल पुत्र स्व0 मोहम्मद इकबाल, पताः फ्लैट नंबर-जी-05, बीसीसी ग्रेविटी सेक्टर-14, राजाजीपुरम, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226017 फैक्ट्री गोदाम का पताः उ0प्र0 ऑयल मिल कम्पाउण्ड, मालगोडाउन रोड, ऐशबाग ब्रिज के पास, लखनऊ, 226004 **जमानतकर्ताः श्री फहीम इकबाल** पुत्र मोहम्मद इकबाल, पताः जी-08, बीसीसी ग्रेविटी, सेक्टर-14, राजाजीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010 **मांग सूचना की तिथिः 17.08.2023, धनराशिः ₹ 30,73,139.05** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	अचल संपत्ति जिसमें फ्लैट नंबर-जी-08 (भूतल), बीसीसी ग्रेविटी, प्लॉट सं0 14/सीपी/105 सेक्टर-14 (सुप्पा रौस के पास) आवास एवं विकास परिषद, राजाजीपुरम, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226017, **क्षेत्रफलः** 55.76 वर्ग मीटर। **स्वामीः श्री फहीम इकबाल, चौहद्दीः पूर्वः** फ्लैट सं0 जी-09, **पश्चिमः** फ्लैट सं0 जी-07, **उत्तरः** आंतरिक मार्ग, **दक्षिणः** मार्ग। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 31,50,000.00 ₹ 3,15,000.00
	शाखाः मोहान रोड, लखनऊ, शाखा प्रबन्धकः अरून कुमार गुप्ता, मो0: 8896157874		
12	**ऋणी/बंधककर्ताः मोहित शुक्ला** (मृतक) मोहित शुक्ला के उत्तराधिकारी **1. विभा शुक्ला** पत्नी मोहित शुक्ला, **2. गौरी शुक्ला** पुत्री मोहित शुक्ला [(नैसर्गिक संरक्षक (माँ)-विभा शुक्ला], **पताः 1.** 416, राजेंद्र नगर, 8वीं गली, लखनऊ, **पताः 2.** 68/299/420, गुरू गोविंद सिंह मार्ग, गांधी नगर, लाल कुवां, लखनऊ-226001 **मांग सूचना की तिथिः 10.08.2023, धनराशिः ₹ 13,82,727.69** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	आवासीय ईडब्ल्यूएस मकान सं0 ई-01/598, रूचि खण्ड-1, शारदा नगर, योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 30 वर्ग मीटर, **स्वामीः मोहित शुक्ला** (मृतक), **चौहद्दीः पूर्वः** मकान सं0 01/597, **पश्चिमः** मकान सं0 01/599, **उत्तरः** मकान सं0 01/619, **दक्षिणः** 6.00 मीटर चौड़ी रोड। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 20,00,000.00 ₹ 2,00,000.00
	शाखाः चौक, लखनऊ, शाखा प्रबन्धक, गरिमा कुमारी, मो0: 8808621240		
13	**ऋणीः श्री नासिर अहमद** पुत्र बसीर अहमद, **पताः 1.** मकान संख्या 537, बीएचए/768, रहीम नगर दुदौली, सीतापुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226021, **पताः 2.** प्लॉट सं0 19, अन्ना पुलिया फैजुल्लागंज के पास, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226021 **जमानतकर्ताः श्री गोपी लाल** पुत्र स्व0 श्री राम, पताः 480/24, बाग शाहजी कॉलोनी मोहन मीकिन रोड, लखनऊ-226020 **मांग सूचना की तिथिः 10.08.2023, धनराशिः ₹ 10,52,678.26** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	मकान, प्लॉट सं0 एसएस-1/33, सेक्टर-ए, सीतापुर रोड, योजना, वार्ड भारतेंदु हरिश्चंद्र लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 36.75 वर्ग मीटर, **स्वामीः श्री नासिर अहमद, चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट सं0 एसएस-1/34, **पश्चिमः** प्लॉट सं0 एसएस-1/32, **उत्तरः** प्लॉट सं0 एसएस-1/10, **दक्षिणः** 3.5 मीटर चौड़ी रोड। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 25,16,000.00 ₹ 2,51,600.00
	शाखाः पत्रकारपुरम, शाखा प्रबन्धकः कृति बिष्ट, मो0: 9455999664		
14	**ऋणीः 1. श्री मनीष सिंह** पुत्र स्व0 मार्कण्डेय सिंह, **2. श्रीमती प्रीति सिंह 3. मेसर्स मार्कण्डेय ट्रेडिंग कम्पनी** (प्रो0 श्री मनीष सिंह), पताः टावर सं0 1. फ्लैट सं0 403, सियर्स टावर ओमेक्स हाइट्स, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010 **जमानतकर्ताः विकास सिंह** पुत्र जितेंद्र सिंह, पताः मकान सं0 ए-39, गंगा विहार कॉलोनी, चिनहट, लखनऊ। **मांग सूचना की तिथिः 06.06.2024, धनराशिः ₹ 89,44,688.22**+ ब्याज एवं अन्य खर्चे	फ्लैट सं0 403, चतुर्थ तल, सियर्स टॉवर, ओमेक्स हाइट्स, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 139.03 वर्ग मीटर, **स्वामीः मनीष सिंह, चौहद्दीः पूर्वः** खुला आसमान, **पश्चिमः** खुला आसमान, **उत्तरः** गलियारा, **दक्षिणः** खुला आसमान। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 1,14,34,000.00 ₹ 11,43,400.00
	शाखाः अशोक मार्ग, वरिष्ठ शाखा प्रबन्धकः श्रुति अग्रवाल, मो0: 8090667097		
15	**ऋणीः श्री बीर बहादुर सिंह** पुत्र श्री बृज नाथ सिंह एवं **श्री हरीश सिंह, श्री मनीष सिंह, श्री सुनील कुमार सिंह,** सभी पुत्र श्री बीर बहादुर सिंह, **पता 1.** वार्ड सं0 11, पोस्ट-बांसगांव, गोरखपुर, **पताः 2.** फ्लैट सं0 101, प्रथम तल, रिवेरा रेजीडेंसी, प्लॉट सं0 496, सेक्टर-6, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ। **मांग सूचना की तिथिः 01.11.2017 धनराशिः ₹ 47,84,250**+ ब्याज एवं अन्य खर्चे	फ्लैट सं0 101, प्रथम तल, रिवेरा रेजीडेंसी, प्लॉट सं0 496 सेक्टर-6, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 100 वर्ग मीटर, **स्वामीः बीर बहादुर सिंह, चौहद्दीः पूर्वः** गलियारा, **पश्चिमः** खुला आसमान, **उत्तरः** लिफ्ट, **दक्षिणः** खुला आसमान। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 80,00,000.00 ₹ 8,00,000.00
	शाखाः सीतापुर रोड, शाखा प्रबन्धकः चंद्र किरण, मो0: 9428964224		
16	**ऋणीः मोहम्मद चांद सिद्दीकी** पुत्र हाजी मोहम्मद अनीस, **पताः 1.** 570/230, आज़ाद नगर आलमबाग लखनऊ-226005, **पताः 2.** 104, नई बाज़ार किला मैदान काकोरी, लखनऊ-227107 **मांग सूचना की तिथिः 26.04.2023 धनराशिः ₹ 33,60,364.71**+ ब्याज एवं अन्य खर्चे	आवासीय संपत्ति प्लॉट सं0 03/187, सेक्टर-एच, जानकीपुरम योजना लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 52 वर्ग मीटर, **स्वामीः मोहम्मद चांद सिद्दीकी, चौहद्दीः पूर्वः** मकान सं0 3/188, **पश्चिमः** मकान सं0 3/186, **उत्तरः** मकान सं0 3/154 एवं 3/155, **दक्षिणः** 7.5 मीटर चौड़ी रोड। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 32,10,000.00 ₹ 3,21,000.00
	शाखाः मल्हौर, शाखा प्रबन्धकः लवली खंडेलवाल, मो0: 9537985585		
17	**ऋणीः श्री फैसल खान** पुत्र मो0 रईस एवं श्रीमती शाजिया फातिमा पत्नी श्री फैसल खान, पताः एसडी 601/क्यू 6वीं मंजिल क्यू ब्लॉक शारदा अपार्टमेंट सेक्टर 4, गोमती नगर, विस्तार, लखनऊ। **जमानतकर्ताः श्री मो0 तौसीफ** पुत्र श्री मो0 रफीक, पताः 56, उजरियांव, विजय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 **मांग सूचना की तिथिः 03.08.2023 धनराशिः ₹ 59,47,074.60**+ ब्याज एवं अन्य खर्चे	आवासीय संपत्ति एसडी/601 पर क्यू ब्लॉक, 3 बीएचके टाइप-2, शारदा अपार्टमेंट, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 144.72 वर्ग मीटर, **स्वामीः फैसल खान** एवं **श्रीमती शाजिया फातिमा, चौहद्दीः ऊपरः:** एसडी/701/7वीं मंजिल, **नीचेः** एसडी/501/5वीं मंजिल, **बगल मेंः** सीढ़ियाँ **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 75,55,000.00 ₹ 7,55,500.00
	शाखाः कौहर, शाखा प्रबन्धकः श्री सौरभ चन्द्र श्रीवास्तव, मो0: 8866966298		
18	**ऋणीः राकेश ट्रेडर्स, (प्रो0 मुकेश कुमार),** पताः ग्राम माधवपुर, तहसील-गौरीगंज, अमेठी-227409 **जमानतकर्ताः 1. लालजी अग्रहरि,** पताः सैंथा रोड बलीपुर खुर्दवा गौरीगंज, अमेठी, **2. जगपति देवी, पताः** माधवपुर गौरीगंज, अमेठी, **3. राजाराम अग्रहरि, पताः** चौक बाजार गौरीगंज, अमेठी, 4. राकेश कुमार, **पताः** माधवपुर गौरीगंज, अमेठी, **मांग सूचना की तिथिः 04.03.2023 धनराशिः ₹ 16,83,801.03**+ ब्याज एवं अन्य खर्चे	आवासीय सम्पत्ति स्थित ग्राम माधवपुर, परगना अमेठी, तहसील गौरीगंज, जिला अमेठी, **क्षेत्रफलः** 252 वर्ग फीट, **स्वामीः जगपति देवी** पत्नी राजाराम, **चौहद्दीः पूर्वः** चंद्रशेखर मिश्रा का मकान, **पश्चिमः** दिलीप सिंह का प्लॉट, **उत्तरः** रोड, **दक्षिणः** गौरी शंकर का मकान। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 11,98,000.00 ₹ 1,19,800.00
	शाखाः टेढ़ीपुलिया, शाखा प्रबन्धकः सत्यम बाजपेयी, मो0: 9956167227		
19	**ऋणीः श्री राजीव जैन, पताः 1.** जी 4, डिम्पी गौरव 334, ज्ञान खण्ड 1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201014, **पता 2.** फ्लैट सं0 910 टावर ए, बीसीसी ग्रीन्स नौबस्ता कला गांव, देवा रोड, लखनऊ, **पताः 3.** फ्लैट सं0 911, टावर ए, बीसीसी ग्रीन्स नौबस्ता कला गांव, देवा रोड, लखनऊ। **मांग सूचना की तिथिः 03.09.2024 धनराशिः ₹ 60,52,947.00** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	फ्लैट सं0 910, 9वीं मंजिल, टॉवर ए, बीसीसी ग्रीन अपार्टमेंट, खसरा सं0 511 पर बना, ग्राम-नौबस्ता कला, देवा रोड लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 520 वर्ग फीट, **स्वामीः राजीव जैन, चौहद्दीः पूर्वः** आम गलियारा, **पश्चिमः** खुला आसमान, **उत्तरः** आम गलियारा, **दक्षिणः** फ्लैट सं0 911	₹ 33,22,000.00 ₹ 3,32,200.00
		फ्लैट सं0 911, 9वीं मंजिल, टॉवर ए, बीसीसी ग्रीन अपार्टमेंट, खसरा सं0 511 पर बना, ग्राम-नौबस्ता कला, देवा रोड लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 520 वर्ग फीट, **स्वामीः राजीव जैन, चौहद्दीः पूवः** आम गलियारा, **पश्चिमः** खुला आसमान, **उत्तरः** फ्लैट सं0 910, **दक्षिणः** खुला आसमान। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 32,62,000.00 ₹ 3,26,200.00
	शाखाः निराला नगर, शाखा प्रबन्धकः अनिमेश रंजन, मो0: 9140073692		
20	**ऋणीः श्री देवी सिंह** एवं **श्रीमती रूपा सिंह,** अपने कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से **1. श्री अजय सिंह** पुत्र देवी सिंह, **2. विजय सिंह** पुत्र देवी सिंह, **3. श्री सूरज सिंह** पुत्र देवी सिंह, सभी निवासी ईएस-1/259, सेक्टर-ए, अलीगंज, सीतापुर रोड, लखनऊ। **जमानतकर्ताः श्री राजेंद्र सिंह भदौरिया** पुत्र आर0बी0 भदौरिया, पताः 568/11ए, कैलाशपुरी, आलमबाग, लखनऊ। **मांग सूचना की तिथिः 12.12.2011 धनराशिः ₹ 6,28,016.00** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	ईडब्ल्यूएस मकान सं0 ईएस1/259, सेक्टर ए, सीतापुर रोड, योजना वार्ड-भारतेन्दु हरिश्चंद्र, लखनऊ, **क्षेत्रफलः** 36.75 वर्ग मीटर, **स्वामीः देवी सिंह, चौहद्दीः पूर्वः** मकान सं0 ईएस-1/260, **पश्चिमः** मकान सं0 ईएस-1/258, **उत्तरः** मकान सं0 ईएस-1/280 **दक्षिणः** 4.5 मीटर चौड़ी रोड। **(कब्जा - सांकेतिक)**	₹ 19,50,000.00 ₹ 1,95,000.00

नियम एवं शर्तें: बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें **i.e.https://www.bankofindia.co.in, https://baanknet.com** अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित एजीएम/मुख्य प्रबंधक/शाखा प्रबंधक को ऊपर दी गई शाखाओं व उनके फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। उपर्युक्त ऋणी/जमानतकर्ता/बंधककर्ता को नोटिस दी जाती है कि वे ई-नीलामी की तिथि से पूर्व अपना कुल बकाया ब्याज व अन्य खर्च सहित जमा कर दें इसमें असफल होने पर उक्त सम्पत्ति की नीलामी कर दी जायेगी तथा बकाया राशि यदि कोई हो तो ब्याज व लागत सहित वसूल की जायेगी। नोट- न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरपी) से रू. 10,000/- ऊपर होगी।

ऋणी/जमानतकर्ता/बंधककर्ता को नियम 8(6) / 9(1) के प्रावधानों के सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम 2002 के तहत 15/30 दिन की बिक्री सूचना। इसे नियम नियम 8(6) / 9(1) के प्रावधानों के तहत सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम 2002 के तहत बंधककर्ता/गारंटर को नोटिस समझा जाए, उसके वर्णित ऋण के सम्बंध में उपरोक्त दिनांक को ई-नीलामी है।

दिनांकः 25.12.2024, स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया